
# भूमि पेडनेकर की बोल्डनेस ने उड़ाए होश, इतनी रिवीलिंग ब्रालेट पहने दिए किलर पोज



भूमि पेडनेकर अपने किलर हॉट लुक के कारण इन दिनों काफी चर्चा में बनी हुई हैं. एक्ट्रेस ने अपनी फिल्मों में हमेशा ही दमदार अदाकारी से दर्शकों का खूब दिल जीता है. ऐसे में उनकी हर फिल्म के लिए चाहने वाले बेताब रहने लगे हैं. वहीं, एक्ट्रेस की किलर अदाएं भी हर दिन इंटरनेट का पारा हाई कर रही हैं. अब फिर से भूमि ने अपनी अदाओं से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं.

लेटेस्ट फोटोशूट में भूमि ने चेन पर टिकी ब्रालेट के साथ जालीदार पैंट को पेयरअप किया है. एक्ट्रेस ने बहुत बेबाकी से अपने इस लुक को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट किया है.

एक्ट्रेस ने इस लुक को सटल बेस, ग्लॉसी लिप्स और ग्लिटरी स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. वहीं, उन्होंने बालों को ओपन रखा है और कानों में गोल्ड ईयररिंग्स पहने हैं.

भूमि इस लुक में बेहद हॉट और बेबाक दिख रही हैं. फैंस की नजरें उनके किलर लुक पर टिक गई हैं. चाहने वाले उनकी तारीफों के पुल बांधते थक नहीं रहे हैं. खासतौर पर भूमि के कर्वी फिगर ने भी सबका ध्यान खींचा है.

भूमि की आने वाली फिल्मों पर बात करें तो इस समय एक्ट्रेस थैंक्यू फॉर कमिंग को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. इसके अलावा भूमि भक्षक, द लेडी किलर और मेरी पत्नी के रीमेक पर बन रही फिल्मों को लेकर भी काफी सुर्खियों में हैं. हर फिल्म में भूमि का एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा.

# जीवित्पुत्रिका व्रत आज

## शुभ मुहूर्त, पूजन विधि और ध्यान रखने योग्य बातें

अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जीवित्पुत्रिका व्रत किया जाता है। इसे कई अन्य नामों से भी जाना जाता है जैसे जितिया या जिउतिया। यह बहुत कठिन व्रतों में से एक व्रत है। यह व्रत माएं अपनी संतान के खुशहाल जीवन और समृद्धि के लिए रखती हैं। साथ ही मां अपनी संतान के लिए लिए जानना जरूरी है कि वह दीर्घायु आरोग्य और सुखमय जीवन जी सकें। जहां तक इस व्रत के नियमों की बात है यह पूरे तीन दिन तक चलते हैं। यह नहाय खाय से शुरू होते हुए व्रत और पारण के बाद यह व्रत संपन्न होता है। इस व्रत के दौरान जीमूतवाहन भगवान की पूजा प्रदोष काल में की जाती है। इस साल यह व्रत 6 अक्टूबर 2023, रविवार को किया जाएगा। लेकिन जो भी महिला इस व्रत को कर रही है उसे बहुत ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए। इस व्रत के दौरान किसी तरह की गलती की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। ऐसा होने पर व्रत असफल हो जाता है और इसके सकारात्मक फल प्राप्त नहीं होते हैं। यहां हम जानेंगे कि इस बार आप किस मुहूर्त में यह पूजा करें और साथ ही किस तरह की सावधानियां बरतें।

मुहूर्त यह व्रत रखने के लिए महिलाओं को 24 घंटे का निर्जला उपवास रखना होता है। अक्सर देखा जाता है कि ज्यादातर महिलाएं शुभ मुहूर्त को लेकर भ्रमित रहती हैं और किसी भी समय भगवान की पूजा कर बैठती हैं। ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। इस साल जीवित्पुत्रिका व्रत 6 अक्टूबर 2023 को होगा। पूजन विधि विशेषज्ञों के अनुसार, जीवित्पुत्रिका व्रत के दिन महिलाओं को सूर्योदय से पहले उठकर स्नान आदि कामों से निवृत्त होकर साफ-सुथरे वस्त्र धारण करने चाहिए। इसके बाद भगवान के सामने हाथ जोड़कर पूजा करनी चाहिए। फिर पूरे दिन का निर्जला व्रत करना चाहिए। व्रत के अगले दिन पारण किया जाता है और सूर्य को अर्घ्य देने के बाद भोजन ग्रहण करना होता है। आपको बताते चलें कि अष्टमी को प्रदोष काल में महिलाएं जीमूतवाहन की पूजा करती हैं। इस दौरान गाय के गोबर की मदद से पूजा के स्थान पर एक छोटा सा तालाब बनाया जाता है। इसके बाद जीमूतवाहन की प्रतिमा जल में स्थापित कर उनकी पूजा की जाती है। पूजा के दौरान धूप, अक्षत, फूल चढ़ाया जाता है और माला भी अर्पित की जाती है। फिर भगवान के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना कर जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा सुनी जाती है। इन बातों का रखें ध्यान – व्रत से एक दिन पहले नहाय-खाय किया जाता है। फिर पूजा करने के बाद भोजन ग्रहण किया जाता है। – अगले दिन निर्जला व्रत रखा जाता है। – व्रत यदि शुरू कर दिया जाए, तो इसे हर साल करना होता है। व्रत को बीच में नहीं छोड़ा जाता। – व्रत रखने के दौरान ब्रह्मचर्य का पालन किया जाता है। – मन में साफ-शुद्ध विचार रखने चाहिए और किसी के साथ मतभेद आदि से बचना चाहिए। – जितिया व्रत के नियम पूरे तीन दिनों के लिए होते हैं। पहले दिन नहाय-खाय और दूसरे दिन निर्जला व्रत रखा जाता है। – तीसरे दिन सुबह उठकर स्नानादि के बाद पूजा-पाठ करने करके व्रत का पारण किया जाता है।


पारण का समय 10:21 के बाद है।





आचार्य धीरज राजेन्द्र दूबे




# आज ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर दस्तक देगी गदर 2

सनी देओल, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा जैसे सितारों से सजी फिल्म गदर 2 को 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने भारत में टिकट खिड़की पर 525 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब गदर 2 अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। इसका प्रीमियर 6 अक्टूबर को किया जाएगा। जी5 ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर गदर 2 का एक पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, उलटी गिनती शुरू होती है। तारा सिंह आपका दिल जीतने के लिए बिल्कुल तैयार है। भारत की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर सिर्फ 2 दिनों में जी5 पर आ रही है।गदर 2 2001 में आई फिल्म गदर का सीक्वल है, जिसने 133 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी।वह फिल्म भी जी5 पर उपलब्ध है।

